NSW में वर्चुअल केयर

NSW GOVERNMENT

Virtual care in NSW

Hindi

वर्चुअल केयर क्या है?

वर्चुअल केयर (Virtual care), जिसे कभी-कभी टेलीहेल्थ (telehealth) कहा जाता है, ऐसे कई तरीकों का विवरण करता है जिससे आप ऐसी देखभाल प्राप्त कर सकते/ती हैं जो आमने-सामने प्रदान नहीं की जाती है। इसमें शामिल है:

ऑनलाइन वीडियो मीटिंग्स

टेलीफोन कॉल्स

घर पर आपके स्वास्थ्य पर नज़र रखने और इसका प्रबंध करने के लिए डिवाइसों (उपकरणों) का प्रयोग करना।

हो सकता है कि आपने पहले भी इसका प्रयोग कर लिया हो, जैसे कि अपने जी.पी. से दोबारा प्रिस्क्रिप्शन प्राप्त करने या टेस्ट परिणामों की चर्चा करने के लिए। अन्य उदाहरणों में वर्चुअल रिहैबिलिटेशन और घर पर आपके स्वास्थ्य पर नज़र रखने के लिए डिवाइसों का प्रयोग करना शामिल है।

वर्चुअल केयर आमने-सामने की देखभाल का स्थान नहीं लेती है। आपके पास फिर भी आपके लिए उचित समय पर व्यक्तिगत रूप से देखभाल प्राप्त करने का विकल्प होगा।

आप और आपका डॉक्टर मिलकर यह फैसला ले सकता है कि क्या वर्चुअल केयर आपके लिए सही है।

वर्चुअल केयर के क्या लाभ हैं?

वर्चुअल केयर आपको इस बात के और अधिक विकल्प देता है कि स्वास्थ्य-देखभाल तक पहुँच कैसे प्राप्त करनी है। यह आपके लिए देखभाल प्राप्त करना भी अधिक आसान बना सकता है।

वर्चुअल तरीके से अपनी देखभाल प्राप्त करने के कई लाभ हैं। आप:

- घर से या घर के आसपास देखभाल प्राप्त कर सकते/ती हैं
- यात्रा का समय और खर्च कम कर सकते/ती हैं, जिससे आपको उन चीज़ों के लिए और अधिक समय मिलता है जो आपके लिए महत्वपूर्ण हैं
- अपनी अपॉइंटमेंट्स में परिजनों, देखभालकर्ताओं या अन्य स्वास्थ्य-देखभाल प्रदाताओं को शामिल कर सकते/ती हैं, चाहे वे कहीं भी हों
- दुभाषियों सहित विशेषज्ञ सेवाओं से जुड़ सकते/ती हैं, जो शायद आपके स्थानीय क्षेत्र में उपलब्ध न हों। उदाहरण के लिए, यदि आप किसी ग्रामीण कस्बे में रहते/ती हैं, तो आप महानगरीय क्षेत्रों में विशेषज्ञों से जुड़ सकते/ती हैं।

वर्चुअल केयर आपको सही देखभाल से जोड़ता है, जब और जहाँ आपको इसकी आवश्यकता होती है।

यह कैसे काम करती है?

वर्चुअल केयर अपॉइंटमेंट्स नियमित अपॉइंटमेंट्स होती हैं – मुख्य अंतर यह है कि आप फोन या स्क्रीन पर अपने डॉक्टर से बात कर रहे होते/रही होती हैं।

वर्चुअल केयर वैसी ही टैक्नोलॉजी का प्रयोग करती है जैसी आप अपने मित्रों और परिवार को फोन या वीडियो कॉल करने के लिए करते/ती हैं।

वर्चुअल केयर अपॉइंटमेंट से पहले, आपको इस बारे में जानकारी दी जाएगी कि इससे जुड़ना कैसे है, क्या उम्मीद करें और सहायता कैसे प्राप्त करें।

वर्चुअल केयर अपॉइंटमेंट्स के लिए दुभाषिए उपलब्ध हैं। अपने डॉक्टर से और अधिक जानकारी पूछें।

मुझे किन उपकरणों की ज़रूरत है?

अधिकांश अपॉइंटमेंट्स के लिए, आपको बस फोन, या कंप्यूटर, टेबलेट या iPad और एक विश्वसनीय इंटरनेट कनेक्शन तक पहुँच की ज़रूरत होती है।

यदि आपके पास इन तक पहुँच नहीं है, तो आप अपनी अपॉइंटमेंट में जुड़ने के लिए वैकल्पिक तरीकों के बारे में अपने डॉक्टर से पूछ सकते/ती हैं।

नज़र रखने में मददगार डिवाइसों जैसे विशेषज्ञ उपकरण आपको प्रदान किए जाएँगे।

कुछ वर्चुअल केयर अपॉइंटमेंट्स आपके कुछ इंटरनेट डाटा का प्रयोग करेंगी। जैसे कि, 15-मिनट के वीडियो कॉल में आपके डाटा के करीब 80MB प्रयोग होगा। डाटा प्रयोग आपके व्यक्तिगत मोबाइल फोन या घर के इंटरनेट प्रबंधों पर निर्भर करता है।

क्या वर्चुअल केयर सुरक्षित और गोपनीय है?

हाँ। वर्चुअल केयर के आमने-सामने की देखभाल के समान ही सुरक्षा, गोपनीयता और सिक्योरिटी मानक होते हैं। जिन प्रणालियों का प्रयोग हम NSW Health में करते हैं, यह सुनिश्चित करने के लिए उनकी जाँच की गई है कि वे सुरक्षित और महफ़ूज़ हैं।

"वर्चुअल केयर का अर्थ है कि मेरी संतान घर से देखभाल प्राप्त कर सकती है"

और अधिक जानकारी

वर्चुअल केयर के बारे में और अधिक पता लगाने के लिए NSW Health की वेबसाइट देखें: www.health.nsw.gov.au/virtualcare

भाषाई सहायता के लिए अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा को फोन करें: 131 450